Mail-ID- upjnrprayagraj@upjn.co.in मो0.नं0. 9473942642

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)
## खण्ड कार्यालय,तुलापुर पानी की टंकी, झूँसी,प्रयागराज।

पत्रांक 941 / W-19 / 267 दिनांक 28.04.2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।

**विषयः– दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 27.04.2026 को प्रकाशित खबर ''सराय भारत उर्फ होलागढ़ पेयजल योजना में लिकेज मरम्मत'' के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर दिनांक 27.04.2026 को प्रकाशित खबर '' **सराय भारत उर्फ होलागढ़ पेयजल योजना में लिकेज मरम्मत** '' शीर्षक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद प्रयागराज में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत **विकास खण्ड होलागढ़ के सराय भारत उर्फ होलागढ़ ग्राम पंचायत** में पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत शिरोपरि जलाशय(250के0एल0 / 16मी0) 01 नग, वितरण प्रणाली–13495 मी0, घरेलू कनेक्शन 878 नग, नलकूप 01 नग, पम्प हाउस 01 नग, बाउण्ड्रीवॉल, सोलर सिस्टम एवं तत्सम्बन्धी कार्य प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष शिरोपरि जलाशय 100 प्रतिशत, नलकूप 01 नग, पम्प हाउस 01 नग, वितरण प्रणाली का कार्य 15098 मी0 एवं हाउस कनेशन का कार्य 878 नग, बाउण्ड्रीवॉल, सोलर सिस्टम एवं तत्सम्बन्धी कार्य पूर्ण कराकर जलापूर्ति की जा रही हैं, परन्तु पाइप लाइन में लिकेज होने के कारण योजना से आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। लिकेज मरम्मत हेतु सम्बन्धित फर्म को निर्देशित कर दिया गया है। लिकेज मरम्मत कराने उपरान्त योजना से नियमित जलापूर्ति की जायेगी।






**उपरोक्त के सम्बन्ध में यह अवगत कराना है कि** अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्रांक संख्या–125/W-17/(L&T)/2026-27/Tech-06 दिनांक 13.04.2026 के द्वारा जनपद प्रयागराज क्लस्टर हेतु गठित सूचीबद्धता अनुबन्ध संख्या– 93/ED/2021-21 दिनांक 16.03.2021 के अन्तर्गत जनपद–प्रयागराज में ट्रॉयल–रन में सम्मिलित 178 योजनाएं जिनमें 320 ग्राम सम्मिलित है तथा O&M में ली गई 88 योजनाएं जिनमें 148 ग्राम सम्मिलित है, के कार्यों को छोड़कर शेष आवंटित कार्यों को डिस्कोप (Descope) कर दिया गया है एवं सक्षम स्तर से अग्रिम निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

अतः सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**भवदीय**

**(एस0एस0 परमार)**
**अधिशासी अभियन्ता**

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्त–

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
2– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
3– मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज ।
4– अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग, प्रयागराज।
5– जिला सूचना अधिकारी, प्रयागराज।

**अधिशासी अभियन्ता**

# होलागढ़ में जल आपूर्ति बाधित, सड़क पर बह रहा पानी: जल जीवन मिशन पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, गुणवत्ता पर उठे सवाल

हेमंत कुमार पांडे | होलागढ़(प्रयागराज), प्रयागराज (इलाहाबाद) |
21 घंटे पहले




0:36

शेयर

होलागढ़ विकासखंड के सरांय भारत ग्राम सभा में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। होलागढ़ बाजार जाने वाले ब्लॉक मार्ग पर नाले के पास पाइपलाइन टूटने से सड़क पर पानी बह रहा है, जिससे कई घरों में जलापूर्ति बाधित हो गई है।

ग्रामीणों के अनुसार, पाइपलाइन में लीकेज और टूट-फूट की समस्या लगातार बढ़ रही है। गांव में लगभग सात स्थानों